आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 21.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य सरकार, वर्षा जल संरक्षण अभियान– ''कैच द रेन'' को और प्रभावी रूप से लागू करेगी।
- प्रदेश में पेयजल लीकेज और जल अपव्यय को रोकने के लिए पहली अप्रैल से 15 दिनों का विशेष अभियान चलाया जाएगा।
- देहरादून में समग्र शिक्षा के तहत 23 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन।
- जन समस्याओं के समाधान के लिए देहरादून के त्यूनी क्षेत्र में पहली बार बहुउद्देश्यीय शिविर लगाया गया।

कैच द रेन

राज्य में वर्षा जल संरक्षण के लिये चलाए जा रहे अभियान ''कैच द रेन'' को इस वर्ष और प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। यह अभियान इस वर्ष ''धारा मेरा, नौला मेरा, गांव मेरा, प्रयास मेरा'' थीम पर आधारित रहेगा। जल संरक्षण की दिशा में जल्द ही ''भागीरथ'' ऐप लॉन्च करने के साथ ही इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा। इस ऐप की सहायता से सूख चुके जल स्रोतों और सहायक नदियों का डेटा संग्रहित किया जाएगा। साथ ही ऐप पर आम लोगों को क्यू.आर कोड स्कैन कर अपने गांव के जल स्रोतों की जानकारी भेजने की सुविधा भी मिलेगी।

कैच द रेन– 2025 के संबंध में सचिवालय में आयोजित बैठक में अभियान की अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीना ग्रेवाल ने राज्य स्तरीय जल संरक्षण अभियान की कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पहले चरण में दो हजार जल स्रोतों की पहचान कर उनके संरक्षण के लिए शत–प्रतिशत धनराशि जारी की जाएगी। पंचायती राज विभाग के सहयोग से 200 ग्राम पंचायतों में जल संसाधन प्रबंधन पर क्षमता विकास कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भूजल स्तर सुधारने के लिए चिन्हित स्थानों पर विशेष उपचार कार्यक्रम भी लागू किए जाएंगे।

विशेष अभियान

प्रदेश में पेयजल लीकेज और जल अपव्यय की समस्या को रोकने के लिए पहली अप्रैल से 15 दिनों का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की नियमित निगरानी के निर्देश दिये गये हैं, ताकि जल संरक्षण को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके।

पेयजल सचिव शैलेश बगोली की अध्यक्षता में देहरादून में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि गर्मियों के मौसम में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिये हर जिले में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। ये पेयजल आपूर्ति, लीकेज और अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए काम करेगा और इसे कॉल सेंटर की तरह संचालित किया जाएगा।

पेयजल सचिव ने इसके लिए जल संस्थान और जल निगम के सहायक अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा, जो समयबद्ध तरीके से शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करेंगे।
बैठक के दौरान आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रा मार्ग पर स्थित चलित स्टैंड पोस्ट, जल टंकियों और वॉटर एटीएम की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गये। इससे तीर्थयात्रियों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की कार्यवाही जहां शासन स्तर पर चल रही है, वहीं राज्य निर्वाचन आयोग ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत ग्राम पंचायतों की खुली बैठक में मतदाता सूची का प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि मतदाता अपनी सूची का अवलोकन करते हुए अगर कोई त्रुटि है, तो उसे ठीक करा सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि यह अभियान 22 मार्च तक जारी रहेगा। जैसे ही मतदाता सूची दुरुस्त होगी, उसके बाद इसे ऑनलाइन किया जाएगा।

प्रसाद प्रशिक्षण

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के तत्वावधान में स्वरोजगार संस्थान और एक स्वयंसेवी संस्था की ओर से देहरादून में समिति के कर्मचारियों को प्रसाद के बॉक्स और थैलियां बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि बदरीनाथ और केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान का प्रसाद, थैलियों और बॉक्स आदि में उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि समिति के कर्मचारी खुद समिति की जरूरत के अनुसार प्रसाद के बाक्स और थैलियों आदि बना सकेंगे। वहीं, मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि समिति के कर्मियों का यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक चलेगा। तीन सप्ताह के प्रशिक्षण का समापन नौ अप्रैल को होगा।

रोजगार मेला

प्रदेश में पहली बार समग्र शिक्षा के तहत आगामी 23 मार्च को रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें एक दर्जन राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियां की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस आयोजन में प्रदेश के 559 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र–छात्राओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। समग्र शिक्षा के अपर राज्य परियोजना निदेशक कुलदीप गैरोला के अनुसार प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देहरादून के हिन्दू नेशनल इण्टर कॉलेज में यह मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला विशेष रूप से प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र–छात्राओं के जॉब प्लेसमेंट के लिये आयोजित किया जा रहा है।

अब तक 600 से अधिक छात्र–छात्राओं ने रोजगार मेले के लिए पंजीकरण करा लिया है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिष्ठित व्यावसायिक व औद्योगिक फर्म भाग ले रही हैं। श्री गैरोला ने कहा कि इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा से जोड़कर उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना है।

बहुउद्देशीय शिविर

जन समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने त्यूनी क्षेत्र में पहली बार बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का चौदह सौ से अधिक लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें मुफ्त स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में पंजीकृत 173 समस्याओं में से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया, जिनमें कृषि भूमि मुआवजे जैसे लंबित मामले शामिल थे।

शिविर में 30 से अधिक विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं का आम लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान 27 दिव्यांग प्रमाण पत्र और 125 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। साथ ही एक स्थानीय निवासी का 17 हजार रुपये का बिजली बिल माफ किया गया। शिविर में पानी, सड़क, आवास और अन्य मुद्दों का समाधान भी किया गया। स्थानीय लोगों ने इस शिविर के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया, जो सीधे उनके दरवाजे तक सेवाएं पहुंचाने में सफल रहा।

मुख्यमंत्री खिलाड़ी उन्नयन योजना

चम्पावत जिले में मुख्यमंत्री खिलाड़ी उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत पंजीकरण शुरू हो गए हैं। जिले के प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी चन्दन बिष्ट ने बताया कि दोनों योजनाओं के तहत 15 मार्च से 31 मार्च के बीच पंजीकरण किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के बाद 1 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच उदयीमान उन्नयन योजना के टेस्ट लिए जाएंगे। जबकि मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन के लिए 16 से 30 अप्रैल के बीच फिजिकल फिटनेस टेस्ट लिया जाएगा।

कार्यशाला

उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण– उरेडा की ओर से हरिद्वार में सौर ऊर्जा नीति और विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा योजनाओं के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। कार्यशाला में सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उनकी आवेदन प्रक्रिया और लाभार्थियों के हितों पर चर्चा की गई। साथ ही मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की भी जानकारी दी गई और इन योजनाओं के प्रभावी क्रियांवयन पर विस्तृत चर्चा की गई।